सराहनीय कार्य, जालौन पुलिस

दिनांक –23.10.2024

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में कोतवाली कोंच पुलिस टीम द्वारा अभ्यस्त वाहन चोरो व फर्जी नंबर प्लेट व कूटरचना करने वाले 02 अभियुक्तगण को चोरी की 05 अदद मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

दिनांक 23.10.2024 को कोतवाली कोंच पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर / वांछित अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी व वाहन चैकिंग के दौरान बिजली पावर हाउस आराजी लाइन के पास से 02 शातिर अभियुक्तों को चोरी की 01 मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया एवं उनकी निशादेही पर कैलिया बाईपास मरघट के पीछे झाडियो मे से 04 अदद चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तगणो के कब्जे से बरामद 02 मोटरसाइकिलें पूर्व में कोतवाली कोंच में (मु0अ0स0-241/24 धारा -303(2)बी0एन0एस0) व कोतवाली उरई में (मु0अ0स0-683/2024 धारा-303(2)बी0एन0एस0) पंजीकृत अभियोगों से सम्बन्धित हैं व अन्य मोटरसाइकिल के विषय में जानकारी की जा रही है। अभियुक्तगणो के विरुद्ध थाना कोतवाली कोंच में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

पूछतांछ का विवरण-

अभियुक्तगण द्वारा बताया कि हम लोग आपस मे मिलकर मोटर साइकिलो की चोरी कर बेचने का कार्य करते है। हम लोगो ने काफी मोटरसाईकिले चोरी की है। हम लोग मोटरसाईकिल चोरी करके उनकी नम्बर प्लेट बदलकर या उनके चैसिस न0 को रुपान्तरित करके दूसरी जगह बेच देते है। इस कार्य से जो धन अर्जित होता है वह हम लोग आपस में मिल बैठकर बांट लेते हैं जिससे हम लोग अपने खर्चे पूरे करते हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-

1. नेहरू उर्फ करन सिंह गौतम पुत्र राजेश कुमार उम्र 28 वर्ष नि0 ग्राम कूडा थाना कैलिया जनपद जालौन
2. रोहित पुत्र बब्लू उर्फ बलराम उम्र 22 वर्ष नि0 ग्राम कूडा थाना कैलिया जनपद जालौन

बरामदगी का विवरण-

1. 05 अदद मोटरसाइकिल बरामद।

अभियुक्त नेहरू उपरोक्त का अपराधिक इतिहास-

1.मु0अ0स0 244/2024 धारा 35(1)/106 बीएनएसएस धारा 317(2)(4)(5)/318(4)/338/336(3) बीएनएस कोत0 कोंच
2. मु0अ0स0 721/20 धारा 379/411 भादवि कोत0 उरई
3. मु0अ0स0 785/20 धारा 379/411 भादवि कोत0 उरई
4. मु0अ0स0 235/20 धारा 379/411/413/420 भादवि कोत0 कोंच
5. मु0अ0स0 237/20 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट कोत0 कोंच
6. मु0अ0स0 289/20 धारा 2/3 गैगस्टर एक्ट कोत0 कोंच
7. मु0अ0स0-241/24 धारा -303(2) बी0एन0एस0 कोत0 कोंच
8. मु0अ0स0-683/2024 धारा-303(2) बी0एन0एस0 कोत0 उरई

अभियुक्त रोहित उपरोक्त का अपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0स0 244/2024 धारा 35(1)/106 बीएनएसएस धारा 317(2)(4)(5)/318(4)/338/336(3) बीएनएस कोत0 कोंच
2. मु0अ0स0 04/23 धारा 308/323/325/452/504/506 भादवि थाना कैलिया
3. मु0अ0स0-241/24 धारा -303(2) बी0एन0एस0 कोत0 कोंच
4. मु0अ0स0-683/2024 धारा-303(2) बी0एन0एस0 कोत0 उरई

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण-

1. प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली कोंच मय पुलिस टीम।